आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक- एफ 7 (4) अकाद/निकाशि/OAP/2019/ 1643 दिनांक- 3/6/2019

प्राचार्य

समस्त राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

(विधि महाविद्यालय, स्कूल ऑफ़ आर्ट व संगीत संस्थान को छोड़ कर)

राजस्थान

विषय:- PG ऑनलाइन प्रवेश प्रकिया के लिए नोडल अधिकारी (PG-OAP) के प्रशिक्षण के क्रम में।

उक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि ऑनलाइन प्रवेश प्रकिया के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश के लिए नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम पत्र के साथ संलग्न है, इस प्रशिक्षण में अपने महाविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के नोडल अधिकारी(PG-OAP) को निर्धारित तिथि व समय पर प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें। स्थान व कंप्यूटर संसाधनों की सीमित उपलब्धता के कारण एक से अधिक व्यक्ति को प्रशिक्षण में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा । इस प्रशिक्षण में भाग लेने वाले अधिकारी ही सम्पूर्ण स्नातकोत्तर ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आयुक्तालय व महाविद्यालय के लिए एकल संपर्क नोडल अधिकारी का कार्य करेंगे।

दृष्टव्य है कि, सत्र 2019-20 में स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के लिए ऑनलाइन अपग्रेडेशन मोड्यूल प्रथम बार लागू किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ही स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के ऑनलाइन अपग्रेडेशन मोड्यूल की सम्पूर्ण कार्य प्रणाली का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के नवीन अपग्रेडेशन मोड्यूल में समस्त ऑनलाइन प्रक्रिया को महाविद्यालय में इन कक्षाओं के लिए प्रवेश समिति सदस्य/सदस्यों के माध्यम से पूर्ण करवाया जावे। नोडल अधिकारी(PG-OAP) प्रशिक्षण उपरान्त महाविद्यालय में कार्य करने वाले संकाय सदस्यों/कार्मिकों को ऑनलाइन मोड्यूल सम्बन्धी आवश्यक प्रशिक्षण देंगे तथा इन सदस्यों के लिए प्राचार्य से अनुमोदन उपरान्त "Add User" कर सम्बन्धित कार्यों (User Permission) के लिए ऑनलाइन अपग्रेडशन मोड्यूल सम्बन्धी अधिकार प्रदान कर सकेगें ।

यह नोडल अधिकारी (PG-OAP) आयुक्तालय से स्नातकोत्तर प्रवेश की समस्त सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए सम्पर्क सेतु के रूप में कार्य करेंगे ।

प्राचार्य व प्रवेश समिति से अनुमोदन प्राप्त कर नोडल अधिकारी (PG-OAP) अपने साथ निम्न सूचनाये आवश्यक रूप से साथ लावें :-

(i) महाविद्यालय में संचालित PG पाठ्यक्रम
(ii) विश्वविद्यालय के घोषित परीक्षा परिणाम की सूचना
(iii) विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में निर्धारित अहर्ताओं में गत सत्र की तुलना में हुए परिवर्तन मय दस्तावेज
(iv) स्नातकोत्तर उतरार्द्ध में महाविद्यालय द्वारा ली जा रही फीस की सूचना

महाविद्यालय की email पर प्रेषित Spreadsheet "Admission 19-20" को हमेशा अपडेट रखें । सत्र 2019-20 के ऑनलाइन एडमिशन प्रोसेस से सम्बंधित विस्तृत दिशानिर्देश आपके महाविद्यालय के ई-मेल पर शीघ्र प्रेषित कर दिए जायेंगे।

(त्रिभुवनपति,RAS)
अति.आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

क्रमांक- एफ 7 (4) अकाद/निकाशि/प्रवेश नीति/2017 **दिनांक-** 3/6/2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है :-

1. निजी सचिव, आयुक्त, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग, राजस्थान, जयपुर
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
3. श्रीमती ज्योति लुहाडिया, संयुक्त निदेशक, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि डेवलपर्स टीम को इस हेतु निर्देशित करें|
4. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर/ जोधपुर/ बीकानेर/ अजमेर/ कोटा/ उदयपुर ।
5. प्राचार्य, एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. कॉलेज, रामबाग सर्किल, जयपुर को प्रशिक्षण हेतु आवश्यक सुविधायें मय कंप्यूटर लैब उपलब्ध करवाने बाबत|
6. केयरटेकर, कॉलेज शिक्षा को जलपान की व्यवस्था करने हेतु
7. वेबसाइट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

3/6/19

संयुक्त निदेशक

TRAINING PROGRAMME FOR ONLINE ADMISSION (PG)

Venue : S S Jain Subodh P G College,
Computer Lab
Rambagh Circle, Jaipur

DATE : 7th June, 2019 (Friday)

TIME : 10:00 AM to 1:30 PM

S.No.	All Govt. PG Colleges of Districts
1	Alwar
2	Banswara
3	Barmer
4	Bharatpur
5	Bikaner
6	Chittorgarh
7	Churu
8	Dholpur
9	Dungarpur
10	Hanumangarh
11	Jaisalmer
12	Jalore
13	Jodhpur
14	Pali
15	Pratapgarh
16	Rajsamand
17	Sirohi
18	Sriganganagar
19	Udaipur

TIME : 2:30 PM to 6.00 PM

S.No.	All Govt. PG Colleges of Districts
1	Ajmer
2	Baran
3	Bhilwara
4	Bundi
5	Dausa
6	Jaipur
7	Jhalawar
8	Jhunjhunu
9	Karauli
10	Kota
11	Nagaur
12	S.Madhopur
13	Sikar
14	Tonk